**23 दिसम्बर 2020**

**कोटा, राजस्थान में वीर गुर्जर विकास समिति के सामुदायिक भवन के नए कक्षों के लोकार्पण के अवसर पर भाषण**

**------**

कोटा के वीर गुर्जर विकास समिति द्वारा आयोजित सामुदायिक भवन के नए कक्षों के लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। आज ही एक नए हॉल का भी शिलान्यास किया जा रहा है। मैं आप सबको इस अवसर पर बधाई देता हूँ। साथ ही आप सबको नव वर्ष 2021 के लिए अपनी बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूँ। ईश्वर से मेरी प्रार्थना है कि नया वर्ष आप सबके तथा आपके सभी परिजनों के जीवन में अपार खुशियां, सुख शांति, समृद्धि, आरोग्यता एवं सफलताएं लेकर आये।

इस क्षेत्र का प्रतिनिधि होने के कारण यहाँ होने वाले सार्थक कार्यकलापों और समारोहों में मेरी गहन रूचि रहती है। मैं इस समारोह के आयोजकों को मुझे यहाँ आमंत्रित करने और आप सबके साथ मिलकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान करने के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूँ।

कोटा बूंदी की जनता मेरे परिवार का हिस्सा है। आप सबके बीच जब भी आता हूँ, स्वयं में अद्भुत ऊर्जा तथा शक्ति का अनुभव करता हूँ। आपके सामाजिक कार्य ही मुझे शक्ति देते हैं। संसद में आपका प्रतिनिधि होने के नाते आपके सभी प्रयासों में मेरा पूरा सहयोग रहेगा। समाज के विकास और वृद्धि के लिए आप जो भी प्रस्ताव लाएंगे मैं तन-मन-धन से आपके साथ खड़ा रहूँगा। आशा है कि आपका स्नेह और प्रेम मुझे सदैव प्राप्त होता रहेगा।

गुर्जर समुदाय का एक लंबा और स्वर्णिम इतिहास रहा है। इस समाज की समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराएँ पीढ़ीपीढ़ी -दर- आगे बढ़ती रही हैं। गुर्जरसमाज को पूरे भारत उपमहाद्वीप में महान साम्राज्यों और शहरों की स्थापना के लिए जाना जाता है। मिहिर भोज जैसे राजाओं को महान सेनाध्यक्ष और महान सम्राट के रूप में याद किया जाता है। गुर्जर समुदाय के लोग साहसी होते हैं, स्वतंत्रता प्रेमी होते हैं और कड़ी मेहनत करने वाले लोग होते हैं, जो हर काम उत्कृष्ट ढंग से करने की इच्छा रखते हैं। परंपरागत रूप से योद्धा होने के कारण यह समुदाय अपनी वीरता और बहादुरी के लिए भी सुविख्यात है। **बदलते समय के अनुरूप उन्होंने आधुनिक तकनीक एवं शिक्षा पद्धति को भलीभांति अपनाया है और उन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण की दिशा में सहयोगात्मक रूख अपनाते हुए कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं और तेजी से यह समाज आगे बढा है।**

हाल के वर्षों में इस समाज में भी शिक्षा की आवश्यकता के प्रति जागरूकता बढ़ी है। आज इस समाज के लोग बिना किसी भेदभाव के लड़कों और लड़कियों दोनों की समान शिक्षा के लिए कार्य करते हैं। यदि ये प्रयास जारी रखें जाएँ तो अपनी प्रतिबद्धता के बल पर बहुत जल्दी इस क्षेत्र में भी आप अन्य समुदायों के समकक्ष हो जायेंगे।

**गुर्जर समाज एक ऊर्जावान समाज है तथा आपके लिए कोई भी कार्य असंभव नहीं है। वीर गुर्जर विकास समिति को अपने क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाले युवाओं को पुरस्कृत करना और उनका अभिनंदन का कार्य निरंतर जारी रखना चाहिए ताकि वे दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत बनें।**

**यह प्रसन्नता का विषय है कि समुदाय ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन और ईमानदारी से कृषि के अलावा विभिन्न अन्य क्षेत्रों में कार्य करना शुरू कर दिया है और वे इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर अपनी गहरी छाप छोड़ रहे हैं।**

सामाजिक संगठनों और सिविल समाज कीसमाजोपयोगी कार्यों में अपनी विशेष भूमिका होती है। मैं वीर गुर्जर विकास समिति द्वारा अपने सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज के विकास के लिए किए जा रहे योगदान की सराहना करता हूँ। यह प्रशंसनीय है कि इस सोसाइटी ने कोटा के लोगों के दिलों में अपनी एक खास जगह बना ली है। **संगठित होकर इस समिति ने बेहतर ढंग से कार्य किया है और समाज को लाभ पहुंचाने का कार्य किया है।**

साथियों, अभी पूरा विश्व कोरोना महामारी के संकट से गुजर रहा है। इस महामारी ने आर्थिक एवं सामाजिक परिस्थितियों को गहरे रूप से प्रभावित किया है। इस वैश्विक आपदा से अलग अलग स्तरों पर मुक़ाबला किया जा रहा है। मेरे विचार में इस प्रकार के संकट का प्रभावी मुक़ाबला करने में ऐसे सामाजिक संगठनों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

**गुर्जर विकास समिति तथा बहुत से अन्य सामाजिक संगठनों ने ऐसी विपत्ति की घडी में आगे आकर सामाजिक कल्याण और समाज के पिछड़े वर्गों की सहायता के लिए कड़ी मेहनत की है। प्रभावित वर्गों के बीच राशन का वितरण, लॉक डाउन में फंसे लोगों के लिए परिवहन की व्यवस्था, बेरोज़गारों के लिए काम, मास्क वितरण आदि कार्यों के द्वारा आपने सामाजिक कल्याण का अद्भुत उदहारण प्रस्तुत किया है।**

**इस समिति ने भारत की उत्कृष्ट सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परम्परा के अनुरूप देश में नागरिकों के बीच राष्ट्रीयता की भावना बढाने, आपसी सौहार्द एवं मानवता के लिए बहुत उत्कृष्ट कार्य किया है। उनकी सोच एवं सिद्धांत सभी मानवतावादी संगठनों के लिए प्रेरणास्रोत है।**

सामुदायिक भवन का विस्तार भी आपके समाजोपयोगी कार्यों में विशेष रूचि लेने और उसके लिए आगे आने का एक अनुपम उदाहरण है। साथ ही आज जिस हाल का शिलान्यास किया गया है, मुझे पूरा विश्वास है कि वह शीघ्र ही बनकर तैयार हो जायेगा तथा सामाजिक एकता और सौहार्द स्थापित करने में प्रमुख भूमिका निभाएगा।

मैंइस कार्यक्रम के आयोजकों, समिति के सभी सदस्यों एवं यहाँ मौजूद सभी लोगों को शुभकामनाएँ देता हूँ कि आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त करें और आपके जीवन और नेक प्रयासों में आपको सफलता मिले।

**वर्तमान कोरोना संकट के मद्देनजर हम सभी को इस महामारी से सतर्क रहना है। हमें दिलों में आपसी प्रेम को बढाते हुए सामाजिक दूरी मेन्टेन करना है। यह समझना आवश्यक है कि दो गज की दूरी है बहुत जरूरी। हमें इस बीमारी**

**से बचने के लिए मास्क का भी उपयोग करना है। अत:, समूचे समाज को स्वस्थ रखने के उद्देश्य से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना बहुत जरूरी है।**

मैं यहां उपस्थित समस्त जनसमूह से, जनहित में मास्क पहनने एवं सोशल डिस्टेंसिंग मेन्टेन करने का आग्रह करता हूँ। साथ ही, मैं आशा करता हूँ कि नया साल हम सबके लिए सुख, समृद्धिकारक, सौहार्द बढाने वाला एवं फलदायी सिद्ध होगा।

मैं एक बार फिर आपको एवं समस्त देशवासियों को नए साल की बहुत बहुत शुभकामनाएं देता हूँ।

धन्यवाद । जय हिन्द।

-------